वापस आएं, बंगाल के विकास में हाथ बंटाएं

छात्रों के साथ उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी, साथ में विमल के राय — जागरण

कोलकाता, कार्यालय प्रतिनिधि : राज्य के आईटी मंत्री पार्थ चटर्जी ने नौकरी के लिए बंगाल छोड़कर गए आईटी पेशेवरों से लौट आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नई सरकार इस क्षेत्र के विकास पर खास जोर दे रही है। आईटी कंपनियों से यहां परियोजनाएं शुरू करने को कहा गया है। आईटी विशेषज्ञों व संस्थानों से भी परामर्श लिया जा रहा है। नौकरी के लिए बंगाल छोड़कर गए आईटी पेशेवरों के लौट आने का वक्त आ गया है। उन्हें राज्य के आईटी क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहिए। चटर्जी ने कहा कि बंगाल में आईटी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कोलकाता में

अपील

- पार्थ का बंगाल छोड़कर गए आईटी पेशेवरों से अनुरोध

'टैलेंट पूल' मौजूद है। यहां के आईटी पेशेवर देश-दुनिया में काम कर रहे हैं। जरुरत है स्थानीय प्रतिभाओं को तमाम सुविधाएं प्रदान कर उनके हुनर को और निखारने की। इस बाबत उनका विभाग आईटी पालिसी का नया मसौदा तैयार कर रहा है, जिसे लेकर 17 तारीख को बैठक होगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंजूरी मिलने के बाद इसे आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बंगाल में आईटी क्षेत्र का भविष्य सुनहरा है। पिछले हफ्ते वे राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रमुख आईटी कंपनियों से बातचीत करने बंगलुरु गए थे। कई कंपनियों ने राज्य मे निवेश करने में दिलचस्पी दिखाई है। बंगाल में साफ्टवेयर के साथ-साथ हार्डवेयर के क्षेत्र पर भी ध्यान देने की जरुरत है। इस बाबत ग्रामीण क्षेत्रों पर जोर देना होगा। सरकार ने कल्याणी, दार्जिलिंग, आसनसोल, दुर्गापुर, बांकुड़ा समेत विभिन्न जगहों पर आईटी हब खोलने की योजना बनाई है।

जमशेदपुर के स्कूल ने जीता आइटी विज का कोलकाता राउंड

कोलकाता : जमशेदपुर के राजेन्द्र विद्यालय की टीम ने 'टीसीएस आईटी विज 2011' का कोलकाता राउंड जीतकर राष्ट्रीय फाइनल्स में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को कलामंदिर में आयोजित क्षेत्रीय फाइनल्स में राजेन्द्र विद्यालय के छात्र अवनिश रंजक (16) और किशलय राज (15) ने महानगर की पांच स्कूल टीमों को मात दी। क्षेत्रीय फाइनल्स में पहुंचने वाले अन्य स्कूलों में बिड़ला हाई स्कूल, गार्डेन हाई स्कूल, सेंट जेम्स स्कूल, बी डी मेमोरियल इंटरनेशनल और द हेरिटेज स्कूल शामिल थे। बिड़ला हाई स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। यह पहला मौका है जब जमशेदपुर की किसी स्कूल टीम ने इस प्रतियोगिता का कोलकाता राउंड जीता है। अवनिश और किशलय जमशेदपुर के कदमा इलाके के रहने वाले हैं। ये जोड़ी अब दिसम्बर में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल्स में 11 अन्य क्षेत्रीय राउंड की विजेता टीमों से भिड़ेगी। राज्य के आईटी मंत्री पार्थ चटर्जी ने उन्हें सम्मानित किया। भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता के निदेशक प्रो. विमल के राय और टीसीएस के कोलकाता प्रमुख श्रीधर बक्शी मौजूद थे।